ओ0पी0सिंह
आई0पी0एस0

डीजी परिपत्र संख्याः 8/18

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश
1–तिलकमार्ग, लखनऊ–226001
दिनांकः फरवरी 23, 2018

विषयः– रिट याचिका सं0–1036(एम0/बी0)2016 (पीआईएल) नेशनल एलाइन्स ऑफ पीपुल्स मूवमेण्ट व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 03.02.2017 के अनुपालन में निर्गत शासनादेश का अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में।

प्रिय महोदय,

मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उपर्युक्त जनहित याचिका में पारित आदेश दिनांक 03.02.2017 के अनुपालन में अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश संख्याः एफएस–1076/2012 दिनांक 05.10.2012 एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः एफएस–1076/2012 दिनांक 16.12.2015 द्वारा अग्निशमन सेवा हेतु जारी किये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र विषयक आदेश को निरस्त करते हुए शासनादेश सं0–1765/छः–पु0–8–2017–905(34)2016 दिनांक 16.02.2018 द्वारा विभिन्न प्रकार के भवनों व पण्डालों आदि के निर्माण के सम्बन्ध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी विषयों एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश किये गये है।

2. उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश में आतिशबाजी के निर्माण एवं विक्रय, शस्त्रागार एवं शस्त्रों की मरम्मत की दुकानों, भवन एवं स्कूल निर्माण के सम्बन्ध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी प्रमाण पत्र, होटलों के पंजीकरण एवं वर्गीकरण, छविगृह के नवीनीकरण, विशिष्ट महानुभावों के कार्यक्रमों के दौरान बनाये गये पण्डालों, मतगणना स्थल पर मत पेटियों को रखने हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम आदि के सम्बन्ध में अग्नि एवं जीवनसुरक्षा सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों के प्रकार, अग्निशमन एवं सुरक्षा उपायों हेतु भवन निर्माण के पूर्व मानचित्र का अनुमोदन, अग्निशमन एवं सुरक्षा हेतु भवन निर्माण के पश्चात जारी अग्निशमन एवं सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र, अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण पत्र तथा जारी किये गये अनापत्ति प्रमाण की सम्प्रेक्षा, निर्धारित मापदण्ड़ों के विपरीत जारी प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण के प्रकरण पर निर्णय हेतु समाधान समिति के गठन, अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में अपील एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति आदि के सम्बन्ध में व्यवस्था एवं निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिसकी प्रति **संलग्न** है।

3. आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 03.02.2017 के अनुक्रम में अग्नि शमन एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत आदेश दिनांकित 16.02.2018 का बिना किसी विचलन के सम्यक् रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,
23/2/18
(ओ0पी0सिंह)

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– समस्त महानिदेशक, उ0प्र0।
2– समस्त अपर पुलिस महानिदेशक/समस्त पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0।
3– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।

295
19/2/19

URGENT!
K.P. Singh
AD (Legal).
Pl. study & brief me.
19/2/18
DG.

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश

कोर्ट केस/महत्वपूर्ण

संख्याः 1765/छः-पु0-8-2017-905(34)/2016

प्रेषक

अरविन्द कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
फायर सर्विस मुख्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग-8 लखनऊः दिनांक 16 फरवरी, 2018

विषयः रिट याचिका संख्या-1036 (एम0बी0)2016 (पीआईएल) नेशनल एलाइन्स ऑफ पीपुल्स मूवमेण्ट व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 03.02.2017 का अनुपालन किये जाने के संबध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एफ0एस0-1076-2012, दिनांक 07.06.2017, पत्र संख्या-एफ0एस0-1508/2015, दिनांक 28.08.2017 एवं पत्र संख्या-एफ0एस0-1071/2017, दिनांक 07.11.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा रिट याचिका संख्या-1036 (एम0बी0)2016 (पीआईएल) नेशनल एलाइन्स ऑफ पीपुल्स मूवमेण्ट व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 03.02.2017 के क्रम में अग्निशमन सुरक्षा से सम्बन्धित अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने हेतु आख्या एवं संस्तुतियाँ प्रेषित की गयी है।

2- उपरोक्त रिट याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा के आदेश दिनांक 16.12.2015 कोNational Building Code, 2005 के प्राविधानों के विपरीत तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्या-483/2004 अविनाश मेहरोत्रा बनाम भारत सरकार में पारित आदेश दिनांक 16.04.2009 का उल्लंघन करने वाला बताया गया है। उपरोक्त याचिका में अग्निशमन सेवा के बारे में कई अन्य सेवा सम्बन्धी बिन्दुओं को अंकित करते हुए मुख्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु नीति निर्धारित करने की भी माँग की गयी है तथा दिनांक 16.12.2015 के आदेश के अन्तर्गत निर्गत किये गये अनापत्ति प्रमाण-पत्रों का शासन स्तर पर पुनरावलोकन करने की भी माँग करते हुए उक्त रिट याचिका में अन्य याचनाओं के अतिरिक्त निम्नवत् याचना की गयी हैः-

A to DGP.
For nal.
20/2 DGP.

(iii) to issue a writ, order or direction in the nature of Mandamus directing the state Government to constitute a committee comprising of experts in the field of fire services to frame a Policy and to determine a mechanism for issuing " No Objection Certificate" keeping in view the Public Safety and ensuring accountability, transparency and proper checks and balance on authorities issuing the "No Objection Certificate ".

3- मा0 उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई के उपरान्त दिनांक 03.02.2017 को पारित आदेश में पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस, मुख्यालय, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22.02.2016 के माध्यम से निदेशक, फायर सर्विस की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी को अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में ऐसी प्रक्रिया निर्धारित करने के निर्देश दिये गये, जो पारदर्शी हो, जन सुरक्षा उन्मुख हो तथा निर्गत करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही हो एवं उनके ऊपर नियंत्रण एवं संतुलन बना रहे। इसके अतिरिक्त मा0 न्यायालय द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि ऐसी प्रक्रिया National Building Code एवं National Disaster Management Guide Lines अप्रैल, 2012 के प्राविधानों के दृष्टिगत निर्गत की जाय। मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के प्रभावी अंश निम्नवत् हैः-

"Counsel for respondents 1 to 5, on instructions, submits that the Director General of Fire Services, vide his order dated 22.02.2016 has placed the order dated 16.12.2015 in abeyance and has also constituted Experts' Committee, consisting of the Director, Deputy Director and Joint Director of Fire Services, to reconsider the order dated 16.12.2015. He submits that till today the Committee has not submitted its report. Keeping that in view and having considered the prayer clause (iii) in the writ petition and as agreed by learned Chief Standing Counsel for respondents 1 to 5, we direct the Committee to also determine a mechanism for issuing no objection certificate keeping in view the public safety and ensuring accountability, transparency and proper checks and balance on the authorities issuing such certificate, keeping in view the National Building Code and the National Disaster Management Guidelines issued by the National Disaster Management Authority , Government of India, in April 2012. The Committee shall endeavor to submit its report as expeditiously as possible and preferably within a period of three months from today. Learned Standing Counsel for the respondents 1 to 5 shall communicate this order along with the copy of the writ petition and annexure and so also the affidavits, Counter affidavits before the Committee within a period of two weeks from today." The respondents, under any circumstances, shall not act on the order dated 16.12.2015, impugned in the present writ petition until the fresh orders are issued on the basis of the report of the Experts' Committee. It is needless to mention that the committee shall submits its report within the stipulated time to the State Government through the Director General, Fire Services, and in turn, the State Government shall issue appropriate directions to the authorities concerned. We hope and trust that the Government shall take appropriate decision and issue orders on the basis of the report as for as possible within a period of two month from the date of presentation of report.

Till the Committee submits its report and on the basis thereof fresh orders are conferring power to issue no objection certificate, the certificates already issued on the basis of the impugned order and even after keeping this order in abeyance shall be subject to review, if necessary. With these observations, writ petition is disposed of.

4- पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सेवा के कार्यालय ज्ञाप संख्या-एफ.एस.-1076-2012 दिनांक 22.02.2016 द्वारा अग्निशमन सेवा के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में दिनांक 16.12.2015 को अग्रिम आदेश तक स्थगित करते हुए गठित चार सदस्यीय समिति को समय-समय पर निर्गत शासनादेशों, नियमों, अधिनियमों तथा अन्य प्रदेशों की अनापत्ति प्रमाण-पत्र सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का परीक्षण करते हुए संकलित आख्या प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी याचिकाकर्ता की याचिका के Prayer Clause(iii) पर विचारण कर अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में समिति से प्रक्रिया निर्धारित करने के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में समिति से अग्निशमन सुरक्षा के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में प्रक्रिया निर्धारित करते हुए आख्या दिये जाने की अपेक्षा की गयी थी। समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या में अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया के अतिरिक्त सम्पूर्ण अग्निशमन सेवा के ढाँचे को बदलने के सम्बन्ध में संस्तुतियाँ भी रिपोर्ट में प्रस्तुत की गयी, जबकि इस विषय के सम्बन्ध में समिति से संस्तुति की अपेक्षा नहीं की गयी थी। अग्निशमन सेवा के ढाँचे के बदलाव एक विस्तीर्ण विषय है जो अग्निशमन सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण-पत्र से पृथक है तथा इसमें कई नीतिगत पहलू ऐसे हैं, जिससे अन्य विभाग भी प्रभावित होंगे अतः इस विषय पर किसी निर्णय से पहुँचने से पूर्व इन विभागों से विचार करने के उपरान्त ही कोई निर्णय लेना सम्भव होगा। मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय एवं तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत समिति की आख्या में अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने सम्बन्धी प्रक्रिया सम्बन्धी संस्तुतियों पर विचार करने का निर्णय लिया गया।

5- समिति द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र ऑनलाइन निष्पादित करने हेतु संस्तुतियाँ की गयी है। इस सम्बन्ध में पूर्व में ही शासनादेश संख्या-961/छः-पु-8-17-905(34)/2016 दिनांक 27.06.2017 के द्वारा पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस एवं निदेशक, तकनीकी एन.आई.सी., योजना भवन, लखनऊ को एक बृहद साफ्टवेयर विकसित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके क्रम में एन.आई.सी. द्वारा NIC(UPSU)/UPFS-COMP/2017/771 दिनांक 20.12.2017 के माध्यम से निदेशक, अग्निशमन सेवा को इसका प्रोजेक्ट प्लान प्रेषित किया जा चुका है, जिसमें एनआईसी द्वारा कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही है।

6- अग्निशमन अधिकारियो के मध्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने के सम्बन्ध में जो व्यवस्था पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा के पत्रांक-एफ.एस.-1076/2012 दिनांक 05.10.2012 तथा पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक,अग्निशमन सेवा के पत्रांक-एफ.एस.-1076-2012 दिनांक 16.12.2015 द्वारा प्रस्तावित की गयी थी, वो दोनों ही व्यवस्थाएँ

नेशनल बिल्डिंग कोड- 2016 के भाग-4 की टेबल-7 के अनुरूप नहीं है। उ0प्र0 फायर सर्विस एक्ट, 1944 के 19 (1) में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को ही किसी भी भवन का निरीक्षण किया जाने हेतु अधिकृत किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी/अग्निशमन अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में सुझाव/अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में सिनेमेटोग्राफ रूल्स, 1951, उ0प्र0 कारखाना अधिनियम, 1950, में अधिकृत किया गया है। मात्र आर0बी0ओ0 एक्ट, 1958 में निदेशक, फायर सर्विस को भवनों के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है किन्तु उक्त के अतिरिक्त विकास प्राधिकरण उपविधि, 2008 यथा संशोधित, 2011, संशोधन, 2016 एवं उ0प्र0 इन्डस्ट्रियल डेवलेपमेन्ट विभाग, जिला पंचायत आवास विकास परिषद द्वारा निर्गत बिल्डिंग बाइलॉज में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को ही अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने हेतु अधिकृत किया गया है। अग्नि निवारण और अग्नि से सुरक्षा के उपाय एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-2464/छ-पु0-8-2005, दिनांक 09.12.2005 निर्गत किया गया है। उक्त शासनादेश में जिला प्रशासन द्वारा यदि किसी भवन अथवा परिसर के निरीक्षण की अपेक्षा की जाती है, तो अग्निशमन सेवा के अधिकारियों द्वारा तदनुसार निरीक्षण कर अपनी आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया जायेगा। उक्त शासनादेश में यह भी व्यवस्था निर्धारित की गयी है कि आतिशबाजी के निर्माण एवं विक्रय के संबंध में अग्निसुरक्षा के संबंध में अनापत्ति शस्त्रागार एवं शस्त्रो की गरम्मत की दुकानों के संबंध में अग्नि सुरक्षा संबंधी अनापत्ति मिट्टी के तेल डीजल, पेट्रोल के डिपों या पेट्रोल पम्पों के संबंध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति, भवन निर्माण के संबंध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति, स्कूल के संबंध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति, होटलो के पंजीकरण व वर्गीकरण के संबंध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति, छविग्रहों के नवीनीकरण के संबंध में अग्निसुरक्षा संबंधी अनापत्ति, विशिष्ट महानुभावों के कार्यक्रमों के दौरान बनाये गये पण्डालों के संबंध में अग्नि सुरक्षा संबंधी अनापत्ति, मतगणना स्थल पर मत पेटियों के रखने हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम के संबंध में अग्नि सुरक्षा संबंधी अनापत्ति आदि जिला मजिस्ट्रेट की अपेक्षानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। इससे विदित है कि ज्यादातर नियमों व अधिनियमों में अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी को ही अधिकार प्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा भी स्थानीय स्तर पर ही अग्निशमन सेवा का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने पर बल दिया गया है।

7- अतः इस सम्बन्ध में समिति की संस्तुतियों पर विचार करते वक्त इस तथ्य को भी ध्यान में रखा गया कि अधिकांश अधिनियमों/नियमों/उपनियमों/शासनादेशों आदि में अग्निशमन अधिकारी या मुख्य अग्निशमन अधिकारी का ही संदर्भ दिया गया है। यद्यपि उप निदेशक, संयुक्त निदेशक/निदेशक भी तकनीकी अधिकारी होते हैं किन्तु इनकी एन0ओ0सी0 प्रक्रिया में सहभगिता तकनीकी परीक्षण/अनुमोदन तक सीमित होनी चाहिए, क्योकि एन0ओ0सी0 फील्ड की एक भौतिक सत्यापन प्रक्रिया है तथा निकटतम अधिकारी उसका सत्यापन अधिक गहराई से कर सकता है और आवेदक अनावश्यक दौड़-भाग करने से बचते हुये प्रक्रिया को पूर्ण कर सकता है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी

तक अपका लिक अधिकारी काफी करीबी जनपद का होता है, किन्तु संयुक्त निदेशक एवं निदेशक, मुख्यालय, फायर सर्विस में दूरस्थ होता है। इसलिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जितने उच्च स्तर पर निर्गत होंगे उससे आवेदक की समस्या का समाधान होने की जगह उसकी समस्या और बढ़ जायेगी। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश जैसे भौगोलिक दृष्टि से फैले हुए प्रदेश में एनओसी की प्रक्रिया को केन्द्रीयकृत करना व्यवहारिक तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं जनता की सुविधा को देखते हुए किया जाना उचित नही होगा . **अतः सम्यकविचारोपरान्त अग्निशमन अधिकारियो के मध्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए नई व्यवस्था संलग्नक-1 में दी गयी तालिका के अनुसार निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि अधिकांश आवेदको को जनपद स्तर पर ही अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो सके और उन्हें मुख्यालयों के चक्कर न काटने पड़े।**

8- जनपदों में लगाये जाने वाले सभी प्रकार के अस्थायी पंडालों का अग्निशमन सेवा अनापत्ति प्रमाण पत्र स्थानीय स्तर पर अग्निशमन अधिकारी के निरीक्षण एवं रिपोर्ट के आधार पर निम्न तालिका के अनुसार प्रदान किया जायेगा:-

क्रमांक	भवन का प्रकार	आच्छादित क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	निरीक्षण अधिकारी	समीक्षक अधिकारी	निर्गमन अधिकारी
1	अस्थाई पण्डाल एवं संरचना	2000 तक	अग्निशमन अधिकारी	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	मुख्य अग्निशमन अधिकारी
2	अस्थाई पण्डाल एवं संरचना	2000 से अधिक	अग्निशमन अधिकारी	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	उप निदेशक

नोट- विशिष्ट महानुभावों के कार्यक्रमों के दौरान बनाये गये पण्डालों के सम्बन्ध में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण-पत्र शासनादेश संख्या-2464/छः-पु-8-2005 दिनांक 09.12.2005 के अनुसार जिला प्रशासन की अपेक्षा पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा ही निर्गत किया जायेगा, परन्तु यदि अस्थाई पण्डाल/संरचना का क्षेत्रफल 2000 वर्ग मी. से अधिक है तो सम्बन्धित उपनिदेशक भी निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे कि वहाँ पर की गयी अग्निशमन व्यवस्था मानकों के अनुसार व पर्याप्त है।

9- अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्रों के प्रकारः-

ऐसे भवन जिसमे किसी भी अधिनियम/नियम/उपविधि के अन्तर्गत अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र वांछनीय होंगे, को अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों हेतु भवन निर्माण के पूर्व मानचित्र का अनुमोदन, अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र तथा अग्निशमन एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण जारी किया जायेगा।

(क) अग्नि सुरक्षा उपायों हेतु भवन-निर्माण के पूर्व मानचित्र का अनुमोदन-

भवन निर्माण के पूर्व मानचित्र का परीक्षण नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया, 2016 के भाग-4 में निर्धारित मापदण्डों, उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली, 2005 के द्वारा निर्धारित मापदण्ड, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं विद्यमान अधिनियमों, नियमों व शासनादेशों के अनुसार अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों का परीक्षण कर **संलग्नक-1** की तालिका के अनुसार अनुमोदन प्रदान करते हुए **प्रारूप-घ (सलग्नक-3)** में औपबन्धिक(provisional) अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जायेगा। आवेदक को दिये जाने वाले प्रश्नोत्तरी का **प्रारूप-ख (संलग्नक-2)**, निरीक्षण अधिकारी की आख्या का **प्रारूप-ग (संलग्नक-4)** तथा आपत्ति हेतु **प्रारूप-ज (संलग्नक-5)** निर्धारित किये गये हैं।

(ख) अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों हेतु भवन-निर्माण के पश्चात जारी अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण-

भवन निर्माण के पश्चात् अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों हेतु मानचित्र के अनुमोदन के अनुसार भवन का निरीक्षण व परीक्षण नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया, 2016 के भाग-4 मेंनिर्धारित मापदण्डों, उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली, 2005 के द्वारा निर्धारित मापदण्ड, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं विद्यमान अधिनियमों, नियमों व शासनादेशों के अनुसार अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों का परीक्षण कर संलग्नक-1 की तालिका के अनुसार अनुमोदन प्रदान करते हुए **प्रारूप-छ (संलग्नक-6)** में अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जायेगा, जिसे अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र के नाम से जाना जायेगा। इस प्रमाण-पत्र की अवधि आवासीय भवन (होटल को छोड़कर) हेतु 05 वर्ष तथा अनावासीय भवनों (होटल सहित) हेतु 03 वर्ष निर्धारित की जाती है। इस हेतु निरीक्षण आख्या का **प्रारूप-ग** तथा शपथ-पत्र का **प्रारूप-च (संलग्नक-8)** निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही समीक्षक अधिकारी द्वारा अग्रसारित की जाने वाली आख्या **प्रारूप- ब (संलग्नक-7)** के अनुसार निर्धारित की गयी है। निरीक्षण/समीक्षक/निर्गमन अधिकारी जिन बिन्दुओं से असहमत हो तो आवेदक को एक ही बार में समस्त आपत्तियों को निर्गमन अधिकारी के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

(ग) अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण-

अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र के अनुसार भवन का निरीक्षण व परीक्षण कर अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण निर्धारित अवधि समाप्त होने से एक माह पूर्व संलग्नक-1 की तालिका के अनुसार निर्गमन अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा, जिसकी वैधता आवासीय भवन (होटल को छोड़कर) हेतु 05 वर्ष तथा अनावासीय भवनों (होटल सहित) हेतु 03 वर्ष होगी तथा प्रमाण-पत्र का **प्रारूप-झ (संलग्नक-9)** निर्धारित किया गया है।

यदि निर्गमन अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार के अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने में कोई तकनीकी जटिलता प्रकट होती है तो वह उसके समाधान व मार्गदर्शन के लिए ऐसे प्रकरण समाधान समिति को सन्दर्भित करेंगे।

10- आन्तरिक आडिट/चेक एण्ड बैलेन्स-

औपबन्धिक रूप से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र,अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र तथा नवीनीकरण के पश्चात जारी किये गये अनापत्ति प्रमाण-पत्र की सम्प्रेक्षा निम्न तालिका के अनुसार निर्धारित सम्प्रेक्षक अधिकारी द्वारा की जायेगी:-

क्र.	सम्प्रेक्षा अधिकारी	सम्प्रेक्षा की आन्तरिक व्यवस्था
1	उपनिदेशक	अपने अधिकार क्षेत्र के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी स्तर से निर्गत किये जाने वाले समस्त प्रमाण-पत्रों में से प्रत्येक जनपद के न्यूनतम 5 प्रतिशत प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से चेक करेंगे।
2	संयुक्त निदेशक	अपने अधिकार क्षेत्र के प्रत्येक जनपद व परिक्षेत्र के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी एवं उप निदेशक स्तर से निर्गत किये जाने वाले समस्त प्रमाण-पत्रों में से प्रत्येक जनपद व प्रत्येक परिक्षेत्र के न्यूनतम 3 प्रतिशत प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से चेक करेंगे।
3	निदेशक	सम्पूर्ण प्रदेश के प्रत्येक जनपद के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, उपनिदेशक एवं संयुक्त निदेशक स्तर से निर्गत किये जाने वाले समस्त प्रमाण-पत्रों में से प्रत्येक जनपद के न्यूनतम 1 प्रतिशत प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से चेक करेंगे।

सम्प्रेक्षक अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि निर्गत किये गये प्रमाण-पत्रों में निर्धारित मापदण्डों का पालन किया गया है एवं निर्धारित समयावधि में जारी किये गये हैं। यदि सम्प्रेक्षक अधिकारी द्वारा पाया जाता है कि कोई प्रमाण-पत्र निर्धारित मापदण्डों के विपरीत जारी किया गया है तो वह उसे निरस्त करने हेतु समाधान समिति को सन्दर्भित करेगा।

11- समाधान समिति

उत्तर प्रदेश फायर सर्विस मुख्यालय पर निम्नानुसार समाधान समिति गठित की जाती है:-

1. पुलिस महानिरीक्षक, फायर सर्विस — अध्यक्ष
2. निदेशक, उत्तर प्रदेश, फायर सर्विस — सदस्य सचिव
3. सम्बन्धित संयुक्त निदेशक — सदस्य

यह समिति अनापत्ति प्रमाण-पत्र के निरस्तीकरण के प्रकरण पर निर्णय लेते हुए उसको निरस्त करने की कार्यवाही करेगी। यदि किसी संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र के निरस्तीकरण पर विचार किया जाता है तो सम्बन्धित संयुक्त निदेशक के स्थान पर अन्य संयुक्त निदेशक को पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस द्वारा नामित किया जायेगा।

इस समिति द्वारा एनबीसी, 2016, अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा अधिनियम/नियम, 2005 और स्थानीय भवन निर्माण एवं विकास उपविधि अथवा किसी अन्य अधिनियम, नियम व शासनादेश

में कोई विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार शासन से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया जायेगा।

अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के समय यदि कोई ऐसी तकनीकी जटिलता निर्गमन अधिकारी के समक्ष प्रकट होती है तो निर्गमन अधिकारी द्वारा उसके समाधान के लिए समाधान समिति से मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

यदि किसी भवन को संलग्नक-1 में दी गयी तालिका के अनुसार किस वर्ग/श्रेणी का माना जायेगा को निश्चित करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो ऐसे प्रकरण समाधान समिति को सन्दर्भित किये जायेंगे, जिस पर समिति द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार शासन से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जायेगा।

12- अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में अपील की व्यवस्था

उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम, 2005 के नियम 9 में अपील की व्यवस्था निर्धारित की गयी है, जो निम्नवत है:-

"(1) नामनिर्दिष्ट अधिकारी या मुख्य अग्निशमन अधिकारी के किसी नोटिस या उसके आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति या राज्य सरकार को उस नोटिस या आदेश जिसके विरूद्ध अपील की गयी है, के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपील कर सकेगा।

(2) उपधारा-1 के अधीन सरकार को अपील कोई ऐसे प्रपत्र में और उस नोटिस या आदेश की प्रति, जिसके विरूद्ध अपील की जानी है और ऐसे फीस के साथ की जायेगी, जैसा विहित किया जाय।"

उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली-2005 के नियम-8 में प्राविधानित है कि

"(क) अधिनियम की धारा-9 की उपधारा(1) के अधीन प्रमुख सचिव, गृह के माध्यम से राज्य सरकार को की गयी कोई अपील, इस नियमावली से अनुलग्न प्रपत्र-घ में की जायेगी और इसके साथ 5,000 रूपये (पाँच हजार रूपये मात्र) की फीस संलग्न की जायेगी।

(ख) अपील की फीस कोषागार (ट्रेजरी) चालान के माध्यम से भुगतान की जायेगी।"

उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली-2005 के नियम-9 में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार को प्रमुख सचिव, गृह के माध्यम से की जाने वाली अपीलों के लिए निम्न व्यवस्था निर्धारित की जाती है:-

क्र.	अधिकारी जिसके निर्णय के विरूद्ध अपील की जानी है	प्रथम अपीलीय (बी)	द्वितीय अपीलीय (सी)
1	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	सम्बन्धित परिक्षेत्रीय उपनिदेशक	सम्बन्धित संयुक्त निदेशक
2	उप निदेशक	सम्बन्धित संयुक्त निदेशक	निदेशक, फायर सर्विस
3	संयुक्त निदेशक	निदेशक, फायर सर्विस	महानिदेशक, फायर सर्विस
4	समाधान समिति	महानिदेशक, फायर सर्विस	प्रमुख सचिव, गृह

यदि कोई आवेदक औपबन्धिक प्रमाण-पत्र, अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र, नवीनीकरण की प्रक्रिया के दौरान प्रमाण-पत्र निर्गमन अधिकारी के किसी आदेश या उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत दी गयी किसी नोटिस या कार्यवाही से असहमत हो तो वह उपरोक्त तालिका में उल्लिखित व्यवस्थानुसार 30 दिन के अन्दर अपील **प्रारूप-ठ (संलग्नक-10)** में कर सकेगा। उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम, 2005 के नियम 9 के अधीन की गयी अपील उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली-2005 अनुलग्न प्रपत्र-घ में पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही उपरोक्त तालिका में किये गये प्रतिनिधायन के अनुसार की जायेगी।

यदि किसी द्वितीय अपीलीय अधिकारी द्वारा यह पाया जाता है कि उसके समक्ष अपील में प्रस्तुत प्रकरण का समाधान शासन स्तर से होना है तो वह पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस के माध्यम से शासन को सन्दर्भित करेगा।

13- फायर सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति

वृहद शैक्षिक भवन, बिजनेस बिल्डिंग(श्रेणी-ई) जिनकी ऊँचाई 30मी. या उससे अधिक हो, आवासीय भवन जिनकी ऊँचाई 60 मी. या उससे अधिक हो, संस्थागत भवन जिनकी ऊँचाई 15मी. या उससे अधिक हो एवं स्टार होटल(ए-6) एवं असेम्बली भवन(डी-6) के भवनों के लिए एनबीसी-2016 के भाग-4 के प्रस्तर-4.10.1 के अनुसार एक कम-से-कम 03 वर्ष का अनुभव प्राप्त योग्य फायर सेफ्टी आफिसर नियुक्त किया जायेगा, जो प्रस्तर-4.10.2 में उल्लिखित अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की क्रियाशीलता एवं रख-रखाव को सुनिश्चित करेगा एवं स्थानीय अग्निशमन केन्द्र से समन्वय रखेगा।

इसके अतिरिक्त निम्न प्रकार के भवनों के भवन स्वामी, अधिवासी अथवा संगठन, जिनके द्वारा निम्न प्रकार के भवनों का संचालन किया जा रहा है, को ऐसे भवनों में अग्नि एवं जीवन सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु किसी भिज्ञ व्यक्ति को फायर सेफ्टी ऑफिसर के रूप में नामित किया जायेगा:-

1. सिनेमा घरों जिसमें 1000 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था तथा 10000 वर्ग मी. से अधिक कामर्शियल बिल्टअप एरिया अथवा ऐसे भवन, जिसमें मल्टीप्लेक्स के साथ 1000 या उससे अधिक व्यक्तियों की बैठने की व्यवस्था हो।
2. 100 अथवा उससे अधिक कमरे के होटल
3. अन्डर ग्राउन्ड शापिंग काम्पलेक्स, बिजनेस सेन्टर मय बेसमेन्ट, जिसकी बिल्टअप एरिया 25000 वर्ग मी. से अधिक हो।
4. 50 मी. से अधिक ऊँचाई अनावासीय मल्टीस्टोरीज बिल्डिंग।
5. बड़े आयल एवं नेचुरल गैस के इन्टालेशन जैसे-रिफाइनरी, बाटलिंग प्लान्ट तथा इसी प्रकार की सुविधाओं वाले भवन।

6. 50000 से अधिक बैठक की क्षमता वाले ओपेन स्टेडियम तथा 25000 से अधिक बैठने की क्षमता वाले इन्डोर स्टेडियम
7. 500 से अधिक बेड वाले हास्पिटल तथा नर्सिंग होम
8. पब्लिक एवं सेमी पब्लिक बिल्डिंग जैसे मेट्रो/रेलवे स्टेशन, इण्टरस्टेट बस टर्मिनल, एयरपोर्ट, मनोरंजन पार्क तथा इसी प्रकार के भवन।

राजकीय भवनों (आवसीय एवं अनावासीय) में मुख्य अग्निशमन अधिकारी से समन्वय कर भवनों का निरीक्षण कराने तथा उसके अनुसार कार्यवाही करने तथा अग्निशमन उपकरणों की क्रियाशीलता बनाये रखने व महत्वपूर्ण भवनों मे फायर ड्रिल कराने के निर्देश पूर्व मे जारी शासनादेश संख्या 1148/छः-पु-8-17-804(70)/17 दिनांक 27-07-2017 मे दिए जा चुके हैं। इसी प्रकार राजकीय एवं निजी अस्पतालों मे प्रभावी अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध मे जारी शासनादेश संख्या 1975/छः-पु-8-16-801(45)/2016 दिनांक 09-12-2016 मे अग्निशमन अधिकारियों के माध्यम से अग्निशमन सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए थे। इस सम्बन्ध मे पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दोनों शासनादेशो मे दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 01 माह के अन्दर महत्वपूर्ण राजकीय भवनों (जिसमे अस्पताल भी सम्मिलित हैं) मे स्थित कार्यालयों मे किसी योग्य अधिकारी को फायर सेफ्टी ऑफिसर के रूप मे नामित करना सुनिश्चित करें।

14- इसके अतिरिक्त शासनादेश संख्या 1821/छः-पु-8-08-65(रिट)/06 दिनांक 25-07-2008 के अनुसार मल्टीप्लेक्स एवं मेगा शापिंग काम्प्लेक्स इत्यादि जैसे बृहद एवं महत्वपूर्ण भवनों के नक्शों पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे समिति गठित है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित उक्त समिति में सम्बन्धित क्षेत्र के संयुक्त निदेशक एवं उपनिदेशक सदस्य के रूप मे सम्मिलित किये जाते हैं। उक्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

15- अग्निशमन सेवा हेतु जारी किये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र विषयक अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा के आदेश दिनांक एफएस-1076/2012, दिनांक 05.10.2012 एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-एफएस-1076-2012 दिनांक 16.12.2015 को सम्यक् विचारोपरान्त एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, संस्थागत वित्त एवं कर निबन्धन, विभाग।
2. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उ0प्र0 शासन
3. प्रमुख सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, उ0प्र0 शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
6. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
7. आवास आयुक्त उ0प्र0, आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ/समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
8. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।
9. मुख्य स्थायी अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संलग्नक-1

क्र0 सं0	आच्छादित भवन का प्रकार (ऊंचाई मीटर में)	निरीक्षण अधिकारी	समीक्षक अधिकारी	निर्गमन अधिकारी	अभियुक्ति
आवासीय भवन (ए)					
ए)	लॉजिंग एण्ड बोर्डिंग हॉउसेज (ए1)				
	15 मीटर से कम ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
बी)	एक या दो परिवार निजी आवास (ए2)	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	500 वर्ग मीटर से कम (कवर्ड एरिया) आच्छादित क्षेत्रफल में गृह स्वामी की अपेक्षानुसार इससे अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में अनिवार्य।
सी)	डोरमेट्री (ए3) एवं अपार्टमेंट्स हाउसेज (ए4)				
1)	15 मीटर से कम ऊंचाई या 4 मंजिल (जी+3) तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	500 वर्ग मीटर से कम (कवर्ड एरिया) आच्छादित क्षेत्रफल में गृह स्वामी/प्रशासन की अपेक्षानुसार इससे अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में अनिवार्य।
2)	15 मीटर से 60 मीटर ऊंचाई तक तथा 5 मंजिल (जी+4) या उससे अधिक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
3)	60 मीटर से अधिक तथा100 मीटर की ऊँचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
4)	100 मीटर से अधिक	एफ0एस0ओ/ सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	संयुक्तनिदेशक	अनिवार्य
डी)	होटल (ए5)				
1)	30 मीटर की ऊंचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
2)	30 मीटर से अधिक ऊँचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
ई)	होटल (ए 6)	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
शैक्षणिकभवन (बी) Building above 30m. in hight not to be permited for Group B Occupancies.					
1)	24 मीटर या उससे कम ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
2)	24 मीटर से अधिक तथा 30 मीटर की ऊँचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
संस्थागतभवन (सी) Building above 30m. in height not to be permited for Group C Occupancies					
ए)	हास्पिटल आरोग्य एवं नर्सिंग होम्स (सी-1)				

1)	30 मीटर या उससे कम ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
2)	30 मीटर से अधिक तथा 45 मीटर तक (एन्बीसी 2016) के भाग-4 के प्रस्तर 4(जी) 6.3.2 के अनुसार ही उपयोग अनुमन्य होगा।	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	Other types of patient and occupancies incidental to the hospitals such as consultation rooms, nurses stations, medical shops, canteens may be housed at heights beyond 30 mt. but not more than 45 mt.
बी)	कसटोडियल (सी-2), पीनल एण्ड मेन्टल (सी-3)				
	30 मीटर या उससे कम ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
ऐसेम्बली बिल्डिंग (डी) Building above 30m. in height not to be permited for Group D Occupancies					
ए)	बिल्डिंग्स (डी-1 से डी-5)				
1)	24 मीटर की ऊंचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
2)	24 मीटर से अधिक तथा 30 मीटर की ऊंचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
बी)	डी-6	एफ0एस0ओ0 / सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	संयुक्त निदेशक	नोट-3 के अनुसार प्रक्रिया निर्धारित होगी।
सी)	डी-7	एफ0एस0ओ0 / सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	संयुक्त निदेशक	अनिवार्य
बिजनेस बिल्डिंग्स (ई)					
1)	15 मीटर से कम ऊंचाई या 4 मंजिल(जी+3)* तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	500 वर्ग मीटर से कम (कवर्ड एरिया) आच्छादित क्षेत्रफल गृह स्वामी/प्रशासन की अपेक्षानुसार। इससे अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में अनिवार्य।
2)	15 मीटर से 30 मीटर ऊंचाई तक तथा 5 मंजिल (जी+4)* या उससे अधिक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	अनिवार्य
3)	30 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	अनिवार्य
मर्केण्टाइल्स बिल्डिंग्स (एफ) Building above 30m. in height not to be permitted for Group F Occupancies.					
1)	15 मीटर से कम ऊंचाई या 4 मंजिल (जी+3)* तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	500 वर्ग मीटर से कम आच्छादित क्षेत्रफल(कवर्ड एरिया) गृह स्वामी/प्रशासन की अपेक्षानुसार। इससे अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में

					अनिवार्य।	
2.	15 मीटर से 30 मीटर ऊँचाई तक तथा 5 मंजिल (जी+4) या उससे अधिक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0		अनिवार्य
3.	मर्केन्टाइल आफिस कामप्लेक्स	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक		अनिवार्य
इण्डस्ट्रियल बिल्डिंग (जी)						
	लो हैजार्ड (जी-1)	Building above 18m. in height not to be permitted				
	18 मीटर या उससे कम ऊंचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0		अनिवार्य
	मॉडरेट हैजार्ड (जी-2)	Building above 18m. inheight not to be permitted.				
	18 मीटर या उससे कम ऊंचाई तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक		अनिवार्य
	हाई हैजार्ड (जी-3)	Building above 15m. inheight not to be permitted.				
	इस श्रेणी के अन्तर्गत समस्त भवन	एफ0एस0ओ0/ सी0एफ0ओ0	उप निदेशक	संयुक्त निदेशक		अनिवार्य
स्टोरेज बिल्डिंग (एच) Building above 15m. in height not to be permitted for group H Occupancies. however building above 45m. height shall not be permitted for multi level car parking (MLCP) Occuupancy.						
1.	सिंगल स्टोरी/ ग्राउंड प्लस वन फ्लोर (जी+1) तक	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0	500 वर्ग मी. से कम आच्छादित क्षेत्रफल (कवर्ड एरिया) में विद्यमान नियमों में प्रशासन की अपेक्षानुसार अथवा भवन स्वामी के अनुरोध पर। इससे अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में अनिवार्य।	
2.	मोर दैन ग्राउंड प्लस वन फ्लोर	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक		
3.	मल्टी लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी)	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक		
खतरनाक भवन (जे) Building above 15m. in height not to be permitted for group-J Occupancies. however building above 45m. height shall not be permitted for multi level car parking (MLCP) Occupancy.						
1.	15 मीटर तक ऊंचाई					
	i) सिंगल स्टोरी बिल्डिंग	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	सी0एफ0ओ0		अनिवार्य
	ii) मोर दैन वन फ्लोर बिल्डिंग तथा 15 मीटर से कम ऊंचाई	एफ0एस0ओ0	सी0एफ0ओ0	उप निदेशक		अनिवार्य

*जी+1- भूतल के अतिरिक्त एक तल, जी+2- भूतल के अतिरिक्त दो तल, जी+3- भूतल के अतिरिक्त तीन तल, जी+4- भूतल के अतिरिक्त चार तल

नोट-

1. किसी भी आक्यूपीन्सी के भवनों की ऊँचाई एनबीसी, 2016 में प्राविधानित मानकों से अधिक नहीं होगी।
2. सभी प्रकार के भवनों में अग्निशमन अधिकारी की आख्या प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

3. उपरोक्त तालिका में दिये गये ऑक्यूपेन्सी के प्रकार की परिभाषा वही होगी, जैसा कि एनबीसी-2016 के भाग-4 में परिभाषित किया गया है।

4. **निरीक्षक, समीक्षा एवं निर्गमन अधिकारी का दायित्व-**

क. **निरीक्षण अधिकारी** का दायित्व होगा कि औपबन्धिक(provisional) अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु प्रस्तुत मानचित्र का परीक्षण कर यह सुनिश्चित करे कि उसमें प्रस्तावित अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन हेतु छोड़े गये मार्ग, निकासी हेतु प्रस्तावित मार्ग इत्यादि अग्निशमन सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य सभी व्यवस्थायें नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया, 2016 के भाग-4 में निर्धारित मापदण्डों, उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली, 2005 के द्वारा निर्धारित मापदण्ड, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं विद्यमान अधिनियमों, नियमों व शासनादेशों के अनुसार प्रस्तावित की गयी हों। यदि उसमें कोई कमी दृष्टिगोचर होती है तो वह आपत्ति करते हुए अपनी आख्या समीक्षक अधिकारी को अग्रसारित करेगा।

इसी प्रकार अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र हेतु अथवा अग्नि एवं जीवन सुरक्षा प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण हेतु प्रकरण में उसका दायित्व होगा कि वह भौतिक रूप से सम्बन्धित भवन व इकाई का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करे कि उक्त भवन/इकाई में अग्निशमन व्यवस्थाएँ तथा इस हेतु लगाये गये उपकरण औपबन्धिक(provisional) अनापत्ति प्रमाण-पत्र में उल्लिखित शर्तों व नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया, 2016 के भाग-4 में निर्धारित मापदण्डों, उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली, 2005 के द्वारा निर्धारित मापदण्ड, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं विद्यमान अधिनियमों, नियमों व शासनादेशों के अनुसार हैं व क्रियाशील हैं। यदि उसमें कोई कमी दृष्टिगोचर होती है तो वह आपत्ति करते हुए अपनी आख्या समीक्षक अधिकारी को अग्रसारित करेगा।

ख. **समीक्षक अधिकारी**- का दायित्व होगा कि औपबन्धिक(provisional) अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु प्रस्तुत मानचित्र का परीक्षण कर निरीक्षण अधिकारी द्वारा अग्रसारित आख्या तथा मानचित्र में प्रस्तावित अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन हेतु छोड़े गये मार्ग, निकासी हेतु प्रस्तावित मार्ग इत्यादि अग्निशमन सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य सभी व्यवस्थायें नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इण्डिया, 2016 के भाग-4 में निर्धारित मापदण्डों, उ0प्र0 अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा नियमावली, 2005 के द्वारा निर्धारित मापदण्ड, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं विद्यमान अधिनियमों, नियमों व शासनादेशों के अनुसार प्रस्तावित की गयी हों। यदि उसमें कोई कमी दृष्टिगोचर होती है तो वह आपत्ति करते हुए अपनी आख्या निर्गमन अधिकारी को अग्रसारित करेगा। उसका यह भी दायित्व होगा कि यदि निरीक्षण अधिकारी द्वारा कोई ऐसी आपत्ति लगायी गयी है जो आवश्यक नहीं थी तो वह निर्गमन अधिकारी को अपनी आख्या अग्रसारित करते समय इस आशय टिप्पणी अंकित करेगा।

